**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

रक्षा मंत्रालय के अधीन भारत सरकार का उपक्रम

**पंचकूला**

**विज्ञापन सं. : 2025-26/08/PK/FOE, PE/003**

**विज्ञापन जारी करने की तिथि : 28.08.2025**

**क्षेत्र संचालन अभियंता और परियोजना अभियंता हेतु भोपाल में वॉक इन चयन की तिथि : 08.09.2025**

**परियोजना अभियंता हेतु अहमदाबाद में वॉक इन चयन की तारीख : 11.09.2025**

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बी.ई.एल) एक नवरत्न और भारत की प्रमुख पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है, जिसमें सैन्य संचार, रडार, नौसेना प्रणाली, सी4आई प्रणाली, हथियार प्रणाली, मातृभूमि सुरक्षा, दूरसंचार और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पाद शामिल हैं।

बी.ई.एल, पंचकूला द्वारा राजस्थान और गुजरात में अपने परियोजना स्थलों हेतु भोपाल एवं अहमदाबाद में निम्नलिखित पदों के लिए अस्थायी आधार पर वॉक-इन चयन की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी ।

| **पद** | **पदों की सं.** | **नियुक्ति का स्थान** | **आरक्षण** | **दिनांक 01.09.2025के अनुसार योग्यता** | **दिनांक 01.09.2025 के अनुसार प्रासंगिक योग्यतापश्चात अनुभव** | **सामान्य वर्ग के लिए 01.09.2025 तक अधिकतम आयु सीमा** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र संचालन अभियंता | 10 | **जोधपुर**<br>**जैसलमेर**<br>**जामनगर**<br>**भुज**<br>**नलिया** | **सामान्य वर्ग- 4**<br>**ई.डबल्यू.एस- 1**<br>**अन्य पिछड़ा वर्ग- 3**<br>**अनुसूचित जाति- 2** | प्रासंगिक विषय में बी.ई/ बी.टेक/ बी.एस.सी इंजीनियरिंग डिग्री (04 वर्षीय पाठ्यक्रम) उत्तीर्ण श्रेणी सहित | न्यूनतम 05 वर्षों का प्रासंगिक उत्तर-अर्हता औद्योगिक कार्य अनुभव। | 40 वर्ष |
| परियोजना अभियंता | 12 | | **सामान्य वर्ग-3**<br>**ई.डबल्यू.एस-1**<br>**अन्य पिछड़ा वर्ग-3**<br>**अनुसूचित जाति-1**<br>**अनुसूचित जनजाति- 4** | | न्यूनतम 02 वर्षों का प्रासंगिक उत्तर-अर्हता औद्योगिक कार्य अनुभव। | 32 वर्ष |

सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार दिव्यांगजन उम्मीदवारों को आयु में छूट दी जाएगी।

## 1.0 <u>क्षेत्र संचालन अभियंता के लिए नियुक्ति एवं भत्तों की शर्तें</u>

| **पद** | **वर्ष** | **समेकित पारिश्रमिक प्रतिमाह** | **अतिरिक्त देय अनुलाभ** |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र संचालन अभियंता-I | प्रथम वर्ष | रु. 60,000/- | **i. समेकित पारिश्रमिक (प्रति माह) के 10% की दर से क्षेत्र भत्ता ***<br>***उन अभ्यर्थियों के लिए जिन्हें विभिन्न साइटों और ग्राहक स्थानों पर तैनात किया जाएगा।**<br>**ii. बीमा प्रीमियम, पोशाक, सिलाई, फुटवियर भत्ता आदि के संबंध में भत्ते का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।** |
| क्षेत्र संचालन अभियंता-II | द्वितीय वर्ष | रु. 65,000/- | |
| क्षेत्र संचालन अभियंता-III | तृतीय वर्ष | रु. 70,000/- | |

**क्षेत्र संचालन अभियंता-I:** क्षेत्र संचालन अभियंता-I को शुरू में 03 वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया जाएगा। इस अवधि को परियोजना की आवश्यकता और व्यक्ति के प्रदर्शन के अधीन अधिकतम 02 वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है, अधिकतम कुल कार्यावधी 05 वर्ष तक होगी।

## 2.0 परियोजना अभियंता के लिए नियुक्ति एवं भत्तों की शर्तें

| पद | वर्ष | समेकित पारिश्रमिक प्रतिमाह | अतिरिक्त देय अनुलाभ |
|---|---|---|---|
| परियोजना अभियंता-I | प्रथम वर्ष | रु. 40,000/- | **i. समेकित पारिश्रमिक (प्रति माह) के 10% की दर से क्षेत्र भत्ता *उन अभ्यर्थियों के लिए जिन्हें विभिन्न साइटों और ग्राहक स्थानों पर तैनात किया जाएगा।** ii. **रु. 12,000/- प्रति वर्ष बीमा प्रीमियम, पोशाक, सिलाई, फुटवियर भत्ता आदि।** |
| परियोजना अभियंता-II | द्वितीय वर्ष | रु. 45,000/- | |
| परियोजना अभियंता-III | तृतीय वर्ष | रु. 50,000/- | |
| परियोजना अभियंता-IV | चतुर्थ वर्ष | रु. 55,000/- | |

**परियोजना अभियंता-I:** परियोजना अभियंता-I को शुरू में 03 वर्षों के लिए नियुक्त किया जाएगा, जिसे परियोजना की आवश्यकता और व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर 01 वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है।

**परियोजना अभियंता के लिए प्रतिधारण बोनस-परियोजना:** परियोजना अभियंता-I जो 04 वर्षों की समग्र अवधि पूरा करते हैं, वे प्रत्येक पूरे वर्ष के लिए रु. 25,000/- के प्रतिधारण बोनस के हकदार होंगे। हालांकि, प्रतिधारण बोनस 04 वर्षों के अंत में अर्थात रु.1,00,000/- देय होगा।

## 3.0 शैक्षणिक योग्यता

| पद | योग्यता | अनुशासन |
|---|---|---|
| **क्षेत्र संचालन अभियंता** | उत्तीर्ण श्रेणी में संबंधित विषय के अंतर्गत किसी ए.आई.सी.टी.ई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ई./ बी.टेक./ बी.एस.सी. इंजीनियरिंग डिग्री (04 वर्षीय पाठ्यक्रम)। | क) **इलेक्ट्रॉनिक्स-** इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन/ टेलीकम्युनिकेशन/ कम्युनिकेशन/ एलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स<br>ख) **कम्प्यूटर विज्ञान-** कम्प्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी/ सूचना विज्ञान |
| **परियोजना अभियंता** | उत्तीर्ण श्रेणी में संबंधित विषय के अंतर्गत किसी ए.आई.सी.टी.ई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ई./ बी.टेक./ बी.एस.सी. इंजीनियरिंग डिग्री (04 वर्षीय पाठ्यक्रम)। | |

**कृपया ध्यान दें:**

क. जिन आवेदकों के डिग्री प्रमाण-पत्र में उल्लिखित विषय/ विशेषज्ञता विज्ञापन में निर्धारित विषय/ विशेषज्ञता से मेल नहीं खाते है, उनके चयन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ख. मूल्यांकन की सी.जी.पी.ए या क्रेडिट प्रणाली के सम्बन्ध में, अभ्यर्थियों को संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार सी.जी.पी.ए/ क्रेडिट को प्रतिशत में परिवर्तित करने का फार्मूला संलग्न करना आवश्यक है। यदि कोई विश्वविद्यालय/ संस्थान या महाविद्यालय सी.जी.पी.ए/ डी.जी.पी.ए/ ओ.जी.पी.ए या लेटर ग्रेड की मूल्यांकन प्रणाली

का अनुसरण कर रहा है, तो अभ्यर्थी के लिए डिग्री प्रमाण-पत्र के साथ विश्वविद्यालय/ संस्थान/ महाविद्यालय द्वारा जारी प्रतिशत (%) का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

ग. दर्शाए गए सभी पदों के लिए, उम्मीदवारों को ए.आई.सी.टी.ई/ यू.जी.सी प्रमाणित विश्वविद्यालय/ संस्थान या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए।

घ. उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित विषय में उत्तीर्ण होना चाहिए।

ङ. अभ्यर्थियों को डिग्री पूरा होने तथा श्रेणी और अंकों के प्रतिशत के संकेत के रूप में अनंतिम/ अंतिम डिग्री प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

च. उल्लिखित संबंधित निर्धारित दस्तावेजों के बिना उम्मीदवार का आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/ रद्द कर दिया जाएगा।

## 4.0 प्रासंगिक योग्यता-पश्चात अनुभव

नीचे दिये गए उत्तरदायित्व के अनुसार विशेष अनुभव वाले अभ्यर्थियों पर ही नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा।

| पद | दिनांक 01.09.2025 तक न्यूनतम प्रासंगिक पद योग्यता पश्चात अनुभव | प्रासंगिक योग्यता-पश्चात अनुभव |
|---|---|---|
| क्षेत्र संचालन अभियंता | न्यूनतम 05 वर्षों का प्रासंगिक उत्तर-अर्हता औद्योगिक कार्य अनुभव। | आई.टी अवसंरचना परियोजनाओं/ आई.पी नेटवर्किंग/ डेटा सेंटर परियोजनाओं/ सी.सी.टी.वी परियोजना/ सेंसर आधारित आई.ओ.टी परियोजना/ किसी भी आई.पी सक्षम इलेक्ट्रॉनिक/ सॉफ्टवेयर उत्पाद की स्थापना, विन्यास, रख-रखाव या उत्पाद सहायता सेवाओं में अनुभव को वरीयता दी जाएगी। |
| **परियोजना अभियंता** | न्यूनतम 02 वर्षों का प्रासंगिक उत्तर-अर्हता औद्योगिक कार्य अनुभव। | |

**कृपया ध्यान दे:**

i. अनुभव की प्रासंगिकता और निर्दिष्ट श्रेणी में उम्मीदवारों के चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

ii. उम्मीदवार के पास पिछले और वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज होने चाहिए, जिसमें नियोजन और पद की अवधि स्पष्ट रूप से लिखी हो।

iii. औद्योगिक अनुभव के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। सहायक दस्तावेजों में जिन कार्यों को दर्शाए नहीं गया है उन कार्य अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा और इसे बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/ रद्द किया जा सकता है।

## 5.0 ऊपरी आयु सीमा एवं छूट:

**क्षेत्र संचालन अभियंता-** सामान्य/ ई.डब्ल्यू.एस उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) के उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष तक छूट दी जाएगी। दिव्यांगजन श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 40% या उससे अधिक विकलांग होने पर ऊपर उल्लिखित श्रेणियों को लागू छूट के अतिरिक्त 10 वर्ष की छूट मिलेगी।

**परियोजना अभियंता-I:** सामान्य और ई.डब्ल्यू.एस उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष तक छूट दी जाएगी। दिव्यांगजन श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 40% या उससे अधिक विकलांग होने पर ऊपर उल्लिखित श्रेणियों को लागू छूट के अतिरिक्त 10 वर्ष की छूट मिलेगी।

**एस.एस.एल.सी/ एस.एस.सी/ आई.एस.सी अंक तालिका और कोई अन्य वैध दस्तावेज को जन्म तिथि का प्रमाण माना जाएगा।**

**कृपया ध्यान दें:**

i. आयु में छूट के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करनी होगी और चयन के मामले में संबंधित दस्तावेज को मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा या सत्यापन के लिए प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में प्रदान करना होगा।

ii. ई.डब्ल्यू.एस/ जाति/ विकलांगता प्रमाण-पत्र बी.ई.एल की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में अनिवार्य रूप से होने चाहिए अन्यथा, उम्मीदवारों को 'सामान्य' श्रेणी के तहत माना जाएगा, बशर्ते कि वे सामान्य उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अन्य सभी मानदंडों को पूरा करते हों।

iii. निर्धारित आयु मानदंड को पूरा न करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/ रद्द कर दिए जाएंगे।

iv. अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी (गैर-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को दिनांक 01.09.2024 को या उसके बाद जारी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

v. ई.डब्ल्यू.एस श्रेणी के अभ्यर्थियों को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वैध आय और परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा

vi. सभी रियायतों को ध्यान में रखते हुए ऊपरी आयु सीमा 50 वर्ष की होगी। भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

## 6.0 नियुक्ति संबंधी उत्तरदायित्व:

- आई.पी सक्षम सेंसर जैसे कैमरा, रडार, इलेक्ट्रिक फेंस और उसके सहायक उपकरणों के लिए नियंत्रक का विन्यास, अद्यतन और रखरखाव और एस.एल.ए को निर्धारित समय में पूरा करना।
- एस.एल.ए को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए डेटा सेंटर के बुनियादी ढांचे जैसे सर्वर, स्विच, भंडारण, अग्नि-नियंत्रण, पहुंच नियंत्रण प्रणाली, सीसीटीवी प्रणाली, सटीक ए.सी, डी.जी सेट और यू.पी.एस का कॉन्फ़िगरेशन, अद्यतन और रखरखाव।
- आई.टी अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर का विन्यास, अद्यतन और रख-रखाव और एस.एल.ए को निर्धारित समय में पूरा करना।
- सेंसर नेटवर्क, पावर सिस्टम के साथ-साथ पी.सी, वर्क स्टेशन, डेटा वॉल आदि जैसे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का विन्यास, अद्यतन और रखरखाव और एस.एल.ए को पूरा करना है।
- परियोजना के सुचारु निष्पादन अर्थात संस्थापन एवं सयंत्र और रख-रखाव के लिए ग्राहक, विभिन्न ओ.ई.एम/ विक्रेता और बी.ई.एल बेंगलूरु के साथ समन्वय स्थापित करना ।
- शिकायत पंजीकरण और समाधान, एन.एम.एस सत्यापन और लॉजिस्टिक सहायता।
- 03 रोटेशनल शिफ्ट में काम करने के लिए सहमती।

## 7.0 चयन प्रक्रिया:

क. नीचे दिए गए विवरण के अनुसार केवल पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों का वॉक-इन के माध्यम से चयन किया जाएगा:

| पद | दिनांक | स्थल | रिपोर्टिंग का समय |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र संचालन अभियंता, परियोजना अभियंता | 08.09.2025 | भोपाल<br>(कार्यक्रम स्थल की सूचना दिनांक 05.09.2025 तक बीईएल की वेबसाइट पर दी जाएगी) | सुबह 08:00 |
| परियोजना अभियंता | 11.09.2025 | अहमदाबाद<br>(कार्यक्रम स्थल की सूचना दिनांक 05.09.2025 तक बीईएल की वेबसाइट पर दी जाएगी) | सुबह 08:00 |

**इच्छुक उम्मीदवार 4 सितंबर, 2025 दोपहर 12:00 बजे तक क्यूआर कोड के माध्यम से चयन प्रक्रिया के लिए पूर्व-पंजीकरण करें। जो उम्मीदवार पंजीकरण नहीं करते हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

टिप्पणी -

1. अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए एक अतिरिक्त दिन रुकना होगा। इसलिए उम्मीदवारों को तदनुसार तैयार होकर आने की सलाह दी जाती है।

2. परियोजना अभियंता के पद के लिए चयन भोपाल और अहमदाबाद में किया जाएगा। जो उम्मीदवार दोनों स्थानों पर चयन प्रक्रिया के लिए उपस्थित होना चाहते हैं, उन्हें दोनों स्थानों के लिए अलग-अलग पूर्व पंजीकरण करना होगा।

ख. चयन प्रक्रिया सुबह 08:00 बजे शुरू होगी। किसी भी उम्मीदवार को सुबह 08:30 बजे के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा और उसके बाद ही साक्षात्कार की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। लिखित परीक्षा के अंक के आधार पर, प्रत्येक श्रेणी में 1:5 के अनुपात में योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

ग. वॉक-इन चयन में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा व्यय/ भत्ता नहीं दिया जाएगा।

घ. अभ्यर्थियों को आवेदन में सावधानीपूर्वक विवरण दर्ज करना होगा तथा निर्धारित दस्तावेज संलग्न करने होंगे। स्क्रीनिंग और चयन आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर किया जाएगा। गलत/ झूठी जानकारी और अपर्याप्त या अधूरी जानकारी देने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बी.ई.एल. ऐसी गलत/ झूठी/ अपर्याप्त/ अधूरी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। यदि चयन के किसी भी अगले चरण में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रमाण-पत्र के संबंध में गलत जानकारी दी है, तो बी.ई.एल. को बिना किसी पूर्व सूचना के चयन के किसी भी चरण में उन्हें अयोग्य घोषित करने का अधिकार है। अभ्यर्थी की पात्रता, पात्रता की जांच के चरण, योग्यताएं और अन्य पात्रता मानदंड से संबंधित सभी मामलों में बी.ई.एल. का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थी के लिए बाध्यकारी होगा।

ङ. विभिन्न श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्तता हेतु अपेक्षित न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार हैं -

| श्रेणी | लिखित परीक्षा | साक्षात्कार |
|---|---|---|
| सामान्य/ई.डबल्यू.एस/अ.पि.व (एन.सी.एल) | 35% | 35% |
| अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांगजन | 30% | 30% |

मूल्यांकन वेटेज लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के लिए क्रमश 85% और 15% होगी।

**कृपया ध्यान दें:**

अभ्यर्थियों को आवेदन में सावधानीपूर्वक विवरण दर्ज करना होगा और यथा निर्धारित दस्तावेज संलग्न करने होंगे। यदि उल्लिखित विवरण सहायक दस्तावेजों से मेल नहीं खाते हैं, तो उम्मीदवार का आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार कर दिया जाएगा।

## 8.0 शुल्क भुगतान:

क. कृपया उम्मीदवार एस.बी.आई कलेक्ट के माध्यम से (ऑनलाइन या एस.बी.आई शाखा के माध्यम से) आवेदन शुल्क जमा करें।

| पद | आवेदन शुल्क | छूट |
|---|---|---|
| क्षेत्र संचालन अभियंता | रु. 450 + 18% जीएसटी | *अनुसचित जाति, अनुसचित जनजाति और दिव्यांगजन/ भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।* |
| परियोजना अभियंता | रु. 400 + 18% जीएसटी | |

ख. उम्मीदवारों को भुगतान करने के लिए स्क्रीनशॉट में दिए गए विवरण और संलग्न प्रक्रिया को पढ़ना आवश्यक है।

ग. अभ्यर्थी एसबीआई शाखा से संपर्क करके भी भुगतान कर सकते हैं। अभ्यर्थी भुगतान विकल्प में एसबीआई शाखा का चयन करें और एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से सृजित चालान को डाउनलोड और प्रिंट करें और आवेदन शुल्क को किसी भी एसबीआई शाखा में लागू बैंक शुल्क के साथ जमा करें। अभ्यर्थी को बैंक अधिकारी की मोहर और हस्ताक्षर प्राप्त करना सुनिश्चित करना होगा।

घ. अभ्यर्थियों को भुगतान के बाद प्राप्त "एसबीआई कलेक्ट रेफरेंस नंबर" को आवेदन पत्र में दर्ज करना होगा। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांगजन/ पूर्व सैनिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

ङ. उम्मीदवार आवेदन शुल्क जमा करने और आवेदन भेजने से पहले सभी निर्देशों और पात्रता मानदंडों को ध्यान से पढ़ लें। एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार ध्यान दें कि आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए कोई चेक, डीडी या नकद स्वीकार नहीं किया जाएगा।

च. एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करते समय, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे एसबीआई कलेक्ट में वही मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करें जो उन्होंने आवेदन पत्र में उल्लेखित किया है।

### भुगतान करने के लिए निर्देश :

क. कृपया www.onlinesbi.sbi पर जाएं और 'स्टेट बैंक कलेक्ट' चुने।

ख. नियम और शर्तें स्वीकार करें और "प्रोसीड" पर क्लिक करें।

ग. निगम/संस्थान का राज्य चुनें:- ऑल इंडिया।

घ. निगम/संस्था का प्रकार चुनें: - पीएसयू - पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग और "गो" विकल्प पर क्लिक करें।

ङ. सेलेक्ट करें पीएसयू - पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग: - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड का चयन करें और "सबमिट" बटन पर क्लिक करें।

च. भुगतान श्रेणी का चयन करें: - "Field Operation Engr Walk In Selection At Bhopal/ Project Engineer Walk In Selection At Bhopal/ Project Walk In Selection At Ahmedabad" उपरोक्त अनुसार भुगतान पूरा करें

छ. भुगतान रसीद का प्रिंट लें और उसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

## 9.0 सामान्य निर्देश

क. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।

ख. अधिकतम अनुमेय आयु, योग्यता और योग्यता-पश्चात अनुभव आदि तय करने के लिए कट-ऑफ तिथि 01.09.2025 होगी। योग्यता-पश्चात कार्य अनुभव की गणना करने के लिए, अभ्यर्थी को आवश्यक शैक्षिक योग्यता की मार्कशीट जारी किए जाने की तिथि से शुरू होने वाले कार्य अनुभव की अवधि / विश्वविद्यालय/ संस्था द्वारा परिणाम जारी किए जाने की तिथि पर विचार किया जाएगा। किसी विशेष विषय के लिए श्रेणी/ जाति आधारित पदों में रिक्ति के अभाव में, श्रेणी के उम्मीदवार जो आवेदन करते हैं को सामान्य वर्ग मानदंड के समतुल्य माना जाएगा।

ग. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सरकारी/ अर्ध-सरकारी संगठनों में कार्यरत उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय अनिवार्य रूप से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा। ऐसे उम्मीदवार, जो साक्षात्कार के समय एनओसी प्रस्तुत करने में असमर्थ हैं, उन्हें साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

घ. आवेदन में घोषित श्रेणी/ डाक पता/ ई-मेल आईडी/ पद में परिवर्तन के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ङ. सरकारी निर्देशों के अनुसार अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन अभ्यर्थियों पर छूट और रियायतें लागू होंगी।

च. उम्मीदवारों के पास कम से कम एक वैध ई-मेल आईडी होना आवश्यक है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ई-मेल आईडी (आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज की जानी चाहिए) को कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखें। एक बार ई-मेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से ही किए जाएँगे। सूचना/ संचार आदि प्राप्त करने और डाउनलोड करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। ई-मेल बाउंस होने, अमान्य ई-मेल आईडी के कारण ई-मेल प्राप्त न होने, उम्मीदवार द्वारा चुने गए सेटिंग विकल्प आदि के लिए बी.ई.एल. जिम्मेदार नहीं होगी और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

छ. दिव्यांगजन वर्ग के प्रमाण पत्र पूर्णतः बी.ई.एल. वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूप में ही होना चाहिए।

ज. ऊपर दर्शाई गई पदों की संख्या चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है।

झ. किसी भी तरह के पक्ष प्रचार करने पर अयोग्यता घोषित कर दी जाएगी।

ञ. केवल योग्यता और अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता को पूरा करने से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। चयन प्रक्रिया के सभी/किसी भी चरण में प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा। उम्मीदवार को केवल प्रवेश पत्र / साक्षात्कार कॉल लेटर / नियुक्ति का अनंतिम प्रस्ताव जारी करने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसका/उसकी उम्मीदवारी बी.ई.एल. द्वारा मंजूर कर ली गई है। बी.ई.एल. किसी भी कारण से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यदि आवश्यकता हो तो बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए भर्ती या चयन प्रक्रिया को रद्द / प्रतिबंधित / विस्तारित / संशोधित या परिवर्तित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

ट. उपरोक्त सभी मानदंडों को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार, चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। चयन के लिए आते समय उम्मीदवार **इस विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी (निम्नलिखित अनुक्रम में एक सेट) लाएं और आवेदन पत्र डाक के माध्यम से भेजें। आवेदन पत्र में दिए गए सभी विवरण अंतिम समझे जाएंगे और कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**वॉक-इन चयन के समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज़**

i) विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र
ii) 2 नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो
iii) **एस.एस.एल.सी/मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र** (आयु प्रमाण पत्र) की स्व-सत्यापित प्रति।
iv) **पीयूसी/12वीं कक्षा/डिप्लोमा अंक तालिका** की स्वयं सत्यापित प्रति।
v) **सभी सेमेस्टर/वर्ष उत्तीर्ण वाले डिग्री अंक तालिका** की स्वयं सत्यापित प्रतियां।
vi) **अनंतिम/अंतिम डिग्री प्रमाण पत्र** की स्वयं सत्यापित प्रतियां

vii) **सीजीपीए को प्रतिशत में बदलने के लिए रूपांतरण सूत्र प्रमाण-पत्र,** जहां भी लागू हो, विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा विधिवत प्रमाणित।

viii) ई.डब्ल्यू.एस/ समुदाय/ जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति (यदि ई.डब्ल्यू.एस/ अ. पि. व (एनसीएल)/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति उम्मीदवार हैं)

ix) विकलांगता प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति (दिव्यांगजन उम्मीदवार के मामले में)

x) **पूर्व से लेकर वर्तमान नियोक्ता तक योग्यता के बाद का अनुभव प्रमाण पत्र।** योग्यता के बाद के अनुभव के वर्षों की संख्या निर्धारित करने के लिए जॉइनिंग/ नियुक्ति पत्र और रिलीविंग लेटर (जहां भी लागू हो) संलग्न करना होगा। यदि उम्मीदवार के अनुभव की प्रासंगिकता स्थापित नहीं की जा सकती है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। शिक्षण को प्रासंगिक अनुभव नहीं माना जाएगा। यदि, सहायक दस्तावेज संलग्न करने में विफल रहते हैं तो आपका आवेदन बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

xi) यदि उम्मीदवार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सरकारी संगठनों/ अर्ध-सरकारी संगठनों में कार्यरत हैं, तो उन्हें चयन के समय अनिवार्य रूप से **'अनापत्ति प्रमाण पत्र'** प्रस्तुत करना होगा।

xii) **एस.बी.आई. शुल्क भुगतान रसीद** (यदि लागू हो)।

xiii) भूमिका और उत्तरदायित्व/ अनुभव का विवरण।

xiv) अद्यतित रेस्यूम

xv) कोई अन्य प्रमाण पत्र

निर्दिष्ट संलग्नक न भेजने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, भले ही अभ्यर्थी ने आवेदन शुल्क जमा कर दिया हो।

अधूरे, निर्धारित प्रारूप में न भरे गए, अयोग्य, आवश्यक संलग्नकों के बिना आवेदनों को बिना कारण बताए तुरंत रद्द कर दिया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। ई-मेल/ किसी अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

किसी भी स्तर पर किसी भी अभ्यर्थी को उसके चयन न होने के बारे में अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

ठ. ऐसे प्रशिक्षु अभियंता/ परियोजना अभियंता/ क्षेत्र संचालन अभियंता जो वर्तमान में बी.ई.एल में कार्यरत हैं, को यूनिट/ एसबीयू/ सीएसजी के संबंधित मानव संसाधन विभाग में पूर्व सूचना दी जाएगी जहां अभियंता कार्यरत हैं। वर्तमान में बी.ई.एल में कार्यरत परियोजना अभियंता/ अधिकारी परियोजना अभियंता/ अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। क्षेत्र संचालन अभियंता/ अधिकारी जो वर्तमान में बी.ई.एल में कार्यरत हैं, क्षेत्र संचालन अभियंता/ अधिकारी के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। यदि उनके द्वारा आवेदन किया जाता है तो बिना कोई कारण बताए आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। प्रशिक्षु अभियंता/ परियोजना अभियंता जो वर्तमान में बी.ई.एल. में कार्य कर रहे हैं, उन्हें उस यूनिट/ एसबीयू/ सीएसजी के संबंधित मानव संसाधन विभाग को पूर्व सूचना देनी होगी जहां वे कार्य कर रहे हैं।

ड. उपरोक्त विज्ञापन में कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार आदि बी.ई.एल. वेबसाइट के करियर अनुभाग पर डाल दिया जाएगा और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

ढ. पोस्टिंग कंपनी की आवश्यकता के आधार पर की जाएगी।

ण. कार्य की तात्कालिकता के आधार पर उम्मीदवारों को अन्य परियोजनाओं/ बाहरी साइटों, इकाइयों पर भी काम करने के लिए तैनात किया जा सकता है।

त. अंतिम चयन के परिणाम बी.ई.एल की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। अनंतिम नियुक्ति आदेश चयनित अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा जारी किया जाएगा।

थ. बी.ई.एल किसी भी मानदंड, चयन की विधि, पदों की संख्या को बदलने (रद्द / संशोधित / जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखता है; चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर ऊपर दर्शाया गया है।

द.आवेदन हेतु निर्धारित संकाय और उम्मीदवार के प्रमाण-पत्र में उल्लिखित संकाय में अंतर पाए जाने पर आवेदक को चयन हेतु स्वीकृति नहीं मिलेगा।

ध. उम्मीदवारों द्वारा आवदेन-पत्र में प्रदान जानकारी के आधार पर ही स्क्रीनिंग और चयन होगा। ग़लत/ झूठी सूचनाए तथा अधूरी जानकारी देने पर आयोग्य ठहराया जा सकता है और बी.ई.एल. ग़लत/ झूठी/ अधूरी सूचनाओं के कारण अभ्यर्थी को हुए किसी भी नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। चयन के किसी भी चरण में अगर पता चलता है कि उम्मीदवार नें आवदेन में ग़लत सूचनाएं दी हैं तो बी.ई.एल. के पास यह अधिकार है कि वह अभ्यर्थी कों चयन प्रक्रिया से किसी भी चरण में बाहर कर सकती है।

न. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण के अलावा किसी अन्य संस्करण में खण्डों की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो बी.ई.एल. वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

ऩ. भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद पंचकूला/ चंडीगढ़ स्थित न्यायालयों के पूर्ण अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।

प. अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस मानकों के अनुसार कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा 'मेडिकल रूप से फिट' पाए जाने के अधीन होगी। चयन के लिए रिपोर्ट करने के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवार को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अपनी मेडिकल जांच करानी होगी और कंपनी की आवश्यकता के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

**अस्वीकरण**

बी.ई.एल. के पास एक सुदृढ़ और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है, जहाँ चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित होते हैं। बी.ई.एल. इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन शुल्क के अलावा भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी शुल्क की मांग या शुल्क नहीं लेती है या धन जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम रोजगार के अभ्यर्थियों से आग्रह करते हैं कि वे धोखेबाजों द्वारा हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बी.ई.एल. में नौकरी के बदले भुगतान की मांग करने वाले किसी भी संचार से गुमराह न हों। कंपनी ऐसी धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों से होने वाली किसी भी हानि के लिए उत्तरदायी नहीं होगी।

बी.ई.एल. ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**किसी प्रकार की पूछताछ के लिए कृपया ई-मेल आई.डी: PKHRRECT@BEL.CO.IN पर संपर्क करें।**

***************